RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 39 • 21:02:2024 • बुधवार • मूल्य : 5/-

# दिन में होंगी शादियां, महिलाएं कर सकेंगी यज्ञ !

## प्रयागराज महाकुंभ में जारी होगी हिन्दू आचार संहिता

**वाराणसी (एजेंसी)।** देश और दुनिया भर के हिन्दुओं के लिए अगले साल यानी 2025 का प्रयागराज महाकुंभ काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। इसमें हिन्दू आचार संहिता पर अंतिम मुहर लगेगी। 351 साल बाद यह आचार संहिता अब बनकर तैयार है। विद्वानों के अनुसार सबसे पहले मनु स्मृति, फिर पाराशर और उसके बाद देवल स्मृति का निर्माण किया गया था। पिछले 351 सालों से स्मृतियों का निर्माण नहीं हो सका था। काशी की विद्वत परिषद द्वारा तैयार इस आचार संहिता में मंदिर में बैठने, पूजा-पाठ करने से लेकर शादी-ब्याह आदि तमाम संस्कारों के लिए सामान्य नियम बनाए गए हैं। इसमें महिलाओं को अशौचावस्था को छोड़कर वेद अध्ययन और यज्ञ करने की अनुमति होगी।



इसके साथ ही रात के विवाह समारोहों की जगह दिन में विवाह को बढ़ावा दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि महाकुंभ में शंकराचार्य और महामंडलेश्वर की अंतिम मुहर लगने के बाद धर्माचार्य देश की जनता से हिन्दू आचार संहिता को अपनाने का आग्रह करेंगे। बातचीत में काशी विद्वत परिषद के महामंत्री डॉ.रामनारायण द्विवेदी आचार्य ने हिन्दू आचार संहिता तैयार किए जाने की पुष्टि की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हिन्दू आचार संहिता को चार साल में देश भर के 70 विद्वानों की टीम ने तैयार किया है। काशी विद्वत परिषद ने यह टीम बनाई थी। मिली जानकारी के अनुसार आचार संहिता को तैयार करने के लिए कर्म और स्मृतियों को आधार बनाया गया है। गीता, रामायण, महाभारत और पुराणों के अंश भी इसमें लिए गए हैं।

# कांग्रेस से अब सपा भी खफा, जल्द टूटेंगे रिश्ते !

- **लोकसभा चुनाव में गठबंधन मुश्किल! एक सीट पर फंसा पेच**

**लखनऊ (एजेंसी)।** पंजाब और बंगाल जैसे राज्यों में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर गठबंधन न होने के बाद अब यूपी में भी इंडिया अलायंस बिखरता दिख रहा है। यूपी की सबसे बड़े विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन की बातचीत को खत्म कर दिया है। अखिलेश यादव ने सोमवार को ही कांग्रेस को आखिरी ऑफर देते हुए 17 सीटें देने की बात कही थी। इन सीटों में मुरादाबाद और संभल शामिल नहीं थे, जिन पर कांग्रेस दावेदारी कर रही थी। कांग्रेस ने जब इस लिस्ट पर सहमति नहीं जताई तो फिर अखिलेश यादव ने भी सख्त रुख अपना लिया। अब दोनों दल लोकसभा चुनाव में अकेले ही उतरेंगे। इस बीच अखिलेश यादव ने फैसला लिया है कि वह राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भी शामिल नहीं होंगे।

# कंक्रीट बैरिकेड्स तोड़ने वाली मशीनें लेकर शंभू बॉर्डर पहुंचे किसान

## आंसू गैस के गोलों का असर नहीं, बुलेटप्रफ भी, आज करेंगे दिल्ली कूच



**अंबाला (एजेंसी)।** शंभू बॉर्डर पर धरना दे रहे पंजाब के किसान बुधवार को दिल्ली रवाना होंगे। यहां हरियाणा पुलिस के बैरिकेड्स तोड़ने के लिए किसान जेसीबी और हाईड्रोलिक क्रेन जैसी हैवी मशीनरी लेकर पहुंच गए हैं। इसके अलावा बुलेटप्रूफ पोकलेन मशीन भी लाई गई है। इनको इस तरह से डिजाइन कराया गया है कि इन पर आंसू गैस के गोलों का भी असर नहीं होगा। किसानों ने यह फैसला केंद्र के साथ हुई मीटिंग के बाद लिया। केंद्र ने कपास, मक्का, मसूर, अरहर और उड़द यानी 5 फसलों पर एमएसपी देने का प्रस्ताव दिया था। किसानों ने यह प्रस्ताव खारिज कर दिया। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि हमने एक्सपर्ट और किसानों से केंद्र के प्रस्ताव पर बात की। इसके बाद हम इस नतीजे पर पहुंचे कि प्रस्ताव हमारे हित में नहीं है। हमारी एमएसपी पर गारंटी कानून की मांग पूरी हो। एमएसपी देने के लिए 1.75 लाख करोड़ की जरूरत नहीं है। किसान आंदोलन के मद्देनजर हरियाणा के 7 जिलों में इंटरनेट पर पाबंदी का फैसला 20 फरवरी तक बढ़ा दिया गया है। 5 फसलों में एमएसपी से देशभर के किसानों का समाधान नहीं हो सकता। यह पंजाब आधारित प्रस्ताव है। ये चारों फसलें अभी भी लगभग एमएसपी या अधिक भाव में बिक रही हैं। मुद्दा यह है कि जो फसलें एमएसपी से नीचे बिक रही हैं, उन्हें एमएसपी पर खरीदा जाए। जिन 23 फसलों पर पहले से एमएसपी लागू है, किसान उन्हीं फसलों पर एमएसपी कानून बनाने की प्रमुख मांग कर रहे हैं।

# पहले जम्मू-कश्मीर से आतंक-अलगाव की खबरें आती थीं, अब विकास हो रहा

## आतंक पर पीएम मोदी का बड़ा वार,जम्मू में किया एम्स-आईआईएम का उद्घाटन

**श्रीनगर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 फरवरी को जम्मू दौरे पर थे। उन्होंने यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का उद्घाटन किया। खास बात यह है कि 2019 में इसकी आधारशिला भी पीएम मोदी ने ही रखी थी। उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) का भी उद्घाटन किया। मोदी ने जम्मू में करीब 32 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। वहीं, प्रधानमंत्री ने जम्मू एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन और कॉमन यूजर फैसिलिटी पेट्रोलियम डिपो की आधारशिला भी रखी। मोदी ने कहा कि पहले जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद, अलगाववाद की आवाजें उठती थीं, अब यहां हर सेक्टर में विकास हो रहा है। राज्य में अब 12 मेडिकल कॉलेज हैं। घाटी ट्रेन से जुड़ चुकी है। जम्मू-कश्मीर देश का ऐसा राज्य है, जहां दो एम्स बन रहे हैं। मोदी के भाषण के दौरान सभा में कोई बच्ची रो रही थी। पीएम ने कहा, उसे परेशान मत कीजिए। कितनी प्यारी बच्ची



है। मेरे पास होती तो बहुत आशीर्वाद देता। आप लोग विपरीत मौसम में यहां बैठे हैं, ये काबिले तारीफ है। मोदी ने कहा- पहले भारत के एक हिस्से में काम होता था और जम्मू-कश्मीर के लोगों को मिलता नहीं था या बहुत देर से मिलता था। आज जम्मू एयरपोर्ट के विस्तार काम हो रहा है। कश्मीर को कन्याकुमारी से रेल से जोड़ने का काम और तेजी से बढ़ा है। वो दिन दूर नहीं, जब कश्मीर से ट्रेन में बैठकर लोग पूरे देश के सफर पर निकल पाएंगे।

जम्मू-कश्मीर को आज पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन मिली है। जब देश में वंदे भारत आधुनिक ट्रेन शुरू हुई, इसके शुरुआती रूट में जम्मू-कश्मीर को चुना। माता वैष्णो देवी तक पहुंचना आसान बना दिया। गांव की सड़कें हो या नेशनल हाईवे, चौतरफा काम चल रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट ने एएपी-कांग्रेस कैंडीडेट को चंडीगढ़ का मेयर घोषित किया

## चुनाव अधिकारी अनिल मसीह को नोटिस, कहा- उन्होंने कोर्ट में झूठ बोला

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार (20 फरवरी) को




सुनवाई हुई। कोर्ट ने एएपी-कांग्रेस के कैंडीडेट को मेयर घोषित किया और भाजपा उम्मीदवार की जीत रद्द कर दी। चुनाव अधिकारी (रिटर्निंग अफसर) को नोटिस दिया गया है। शीर्ष कोर्ट ने ये भी कहा कि अफसर ने झूठ बोला। नियमों के मुताबिक, वोटिंग के वक्त हर मेंबर को बैलट पेपर के दाहिनी ओर उस कैंडीडेट के सामने क्रॉस का निशान लगाना था, जिसे वो मेयर चुनना चाहते हैं। पूरा मामला 8 बैलट पेपर्स का है, जिन्हें अवैध करार दिया गया। इन सभी 8 बैलट में आप कैंडिडेट का नाम ऊपरी हिस्से में और भाजपा कैंडिडेट का नाम नीचे था। जांच के बाद पता चला कि इन बैलट पेपर्स में आप कैंडिडेट के पक्ष में वोट दिया गया था। चुनाव अधिकारी मसीह ने इन पर स्याही से निशान लगाया। चुनाव अधिकारी ने जानबूझकर 8 बैलट पेपर को खराब करने का काम किया। कोई भी बैलट खराब नहीं था। अपनी हरकत से उन्होंने (अनिल मसीह) मेयर इलेक्शन के नतीजों को बदल दिया।

# शाहजहां शेख को बचा नहीं सकते, यहां सरेंडर कर दे

## संदेशखाली केस में ममता सरकार पर खूब बरसा हाईकोर्ट

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हिंदू महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न और जमीनें कब्जाने के आरोपी शाहजहां शेख की फरारी के मामले में हाई कोर्ट ने तीखी टिप्पणी की है। उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता और दबंग शाहजहां शेख इस तरह फरार नहीं हो सकता। सरकार उसका समर्थन नहीं कर सकती। संदेशखाली जाने की परमिशन वाली भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी की अर्जी पर सुनवाई करते हुए अदालत ने यह टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि हमने उन शिकायतों का संज्ञान लिया है, जिसमें महिलाओं ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। चीफ जस्टिस टीएस शिवगणनम ने कहा, हमने शिकायतों का देखा है। इलााके की महिलाओं ने बताया है कि वह जमीनें भी कब्जा लेता था। शाहजहां शेख इस तरह से भाग



नहीं सकता। राज्य सरकार उसका समर्थन नहीं कर सकती। हम उससे कहेंगे कि वह यहां सरेंडर करे। वह कानून नहीं तोड़ सकता। यही नहीं बेंच ने कहा कि यदि एक शख्स पूरी आबादी से ही फिरौती मांगता है तो फिर सत्ता उसका साथ नहीं दे सकती। वह सिर्फ जनता का प्रतिनिधि है। उसका काम जनता का हित करना है। चीफ जस्टिस ने कहा कि पहली नजर में यह समझ आता है कि शाहजहां शेख ने लोगों को परेशान किया था। वह फिलहाल फरार है और अपराध करके गायब है। हम नहीं जानते कि उसे बचाया जा रहा है या नहीं, लेकिन उसकी सुरक्षा कर पाना आसान नहीं होगा। संदेशखाली में पाबंदियों को लेकर हाई कोर्ट ने ममता सरकार को फटकार भी लगाई। अदालत ने कहा कि आप सिर्फ तनावपूर्ण हालात पैदा कर रहे हैं। आप बेवजह ही स्थानीय लोगों को परेशान कर रहे हैं। कोरोना की तरह ही लोग परेशान हैं और डिप्रेशन में हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्हें घर के अंदर ही रहने को मजबूर होना पड़ा है। हालांकि अदालत ने यह भी कहा कि कोई कुछ कहता है तो उतने से ही एक आरोपी दोषी नहीं हो जाता। लेकिन आप इस तरह उसे भगा नहीं सकते। वकील ने कहा कि आम लोगों को परेशान न किया जाए।

# संदेशखाली विवाद के बाद बंगाल में गरमाई सियासत

- **7 मार्च को बारासात में पीएम मोदी कर सकते हैं रैली**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों द्वारा संदेशखाली में महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर जारी राजनीतिक विवाद के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सात मार्च को राज्य के बारासात में महिलाओं की रैली को संबोधित कर सकते हैं। भाजपा नेताओं ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर 24-परगना जिले के मुख्यालय में निर्धारित रैली अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से एक दिन पहले होगी। इसी जिले में संदेशखाली स्थित है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सात मार्च को महिलाओं की एक रैली को संबोधित



करने के लिए बारासात का दौरा कर सकते हैं। मजूमदार को पिछले सप्ताह घायल होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था, क्योंकि संदेशखाली जाने से रोके जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं की पुलिसकर्मियों के साथ झड़प हुई थी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, पार्टी के अन्य नेताओं और पार्टी की एक केंद्रीय तथ्यान्वेषी टीम को पुलिस ने इलाके का दौरा करने से रोक दिया है। संदेशखाली इलाके में बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर जबरदस्ती जमीन हड़पने और उनका यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाए जाने के कारण तनाव व्याप्त है। शेख पांच जनवरी से फरार हैं, जब कथित राशन घोटाले के सिलसिले में उनके आवास पर छापेमारी के दौरान भीड़ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हमला कर दिया था। शेख के दो सहयोगियों के साथ अन्य लोगों पर सामूहिक बलात्कार और हत्या के प्रयास के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# खुद पर भरोसा है तो अमेठी से लड़ लो चुनाव

## गढ़ से बेदखल राहुल गांधी को स्मृति ईरानी का चैलेंज

**अमेठी (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की चुनौती दी है। एक चैनल से बातचीत में इरानी ने साफ तौर पर कहा कि अगर राहुल को खुद पर भरोसा है तो अमेठी से इलेक्शन लड़कर दिखाएं। उन्होंने कहा, 2019 में उन्होंने अमेठी छोड़ दिया और आज अमेठी ने उन्हें छोड़ दिया है। अगर उन्हें खुद पर भरोसा है, तो



वायनाड न जाकर अमेठी से लड़कर दिखाना चाहिए। बीजेपी लीडर का यह बयान ऐसे समय आया है जब राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर चुकी है। वहीं, इरानी भी अपने संसदीय क्षेत्र के 4 दिवसीय दौरे पर हैं। स्मृति इरानी ने कहा, अमेठी की खाली सड़कें यह बताती हैं कि वे राहुल गांधी को लेकर क्या महसूस करती हैं। सोनिया गांधी इस बार रायबरेली से लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने वाली हैं। वह राज्यसभा चुनाव में खड़ी हुई हैं। अब चर्चा है कि प्रियंका गांधी रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। इसे लेकर स्मृति इरानी से सवाल पूछा गया कि बीजेपी की क्या तैयारी है।

# खत्म नहीं हो रहीं महुआ मोइत्रा की मुश्किलें

## ईडी ने भेजा समन, पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद से बर्खास्त तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बार फिर महुआ मोइत्रा को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) जांच के सिलसिले में पेश होने के लिए समन किया है।



बता दें सोमवार को महुआ मोइत्रा संघीय एजेंसी के सामने पेश नहीं हो पाईं इस सिलसिले में ईडी ने उन्हें एक नया समन जारी किया है। पिछले गुरुवार को ईडी ने पिछले साल दिसंबर में लोकसभा से निष्कासित मोइत्रा को फेमा के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए 19 फरवरी को दिल्ली में पेश होने के लिए कहा था। मामले से परिचित अधिकारियों ने कहा कि ईडी ने उनके खिलाफ फेमा के तहत मामला दर्ज किया है क्योंकि उसके पास कुछ विदेशी लेनदेन के बारे में जानकारियां है, जिनकी फेमा के तहत जांच की जा रही है। एक अधिकारी ने सटीक तारीख बताए बिना कहा, चूंकि वह सोमवार को पेश नहीं हुईं, इसलिए अगले सप्ताह के लिए नया समन जारी किया गया है।

## केजरीवाल बोले-

# अगर ईडी नहीं हो तो आधी बीजेपी खाली हो जाएगी

- **मनी लॉन्ड्रिंग की धारा 45 खत्म करो, शिवराज-वसुंधरा भी नई पार्टी बना लेंगे**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि अगर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को रोक दें और मनी लॉन्ड्रिंग यानी आईपीसी की धारा 45 खत्म कर दें तो आधी बीजेपी खाली हो जाएगी। इतना ही नहीं शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे जैसे नेता बीजेपी से अलग होकर अपनी नई पार्टी बना लेंगे। केजरीवाल सोमवार को कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी के घर लंच में शामिल हुए थे।

यहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद थे। केजरीवाल ने मजाकिया तौर पर कहा कि आईपीसी की धारा 45 को हटा दीजिए तो जो तांता भाजपा की तरफ लगा हुआ है वह खत्म हो जाएगा।

कोई बीजेपी जॉइन नहीं करेगा। अरविंद केजरीवाल ने आपीसी की जिस धारा 45 का जिक्र किया है। इसके अंदर वाले सभी अपराध गैर जमानती होते हैं। इसमें केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी को कुछ शर्तों के अधीन बिना किसी वारंट के आरोपियों को गिरफ्तार करने का अधिकार होता है। इधर, शराब घोटाले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 20 फरवरी को भी ईडी के सामने पेश नहीं हुए। आम आदमी पार्टी ने कहा कि ईडी के समन गैरकानूनी हैं। जब समन की वैधता को लेकर कोर्ट में सुनवाई चल रही है, तो बार-बार समन भेजने की जगह एजेंसी को कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए। एजेंसी ने 17 फरवरी को छठा समन भेजकर केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाया था।

# सम्राट चौधरी हुए नीतीश के कायल! 24 मिनट के भाषण में 29 बार मुख्यमंत्री का जिक्र



**पटना, एजेंसी।** वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने अपने 24 मिनट के बजट भाषण में 29 बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जिक्र किया। इसमें उन्होंने मुख्यमंत्री के लिए अलग-अलग 13 संबोधनों का इस्तेमाल किया। सम्राट ने उनके लिए आदरणीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी, मुख्यमंत्री आदरणीय नीतीश कुमार जी, आदरणीय नीतीश कुमार जी, मुख्यमंत्री आदरणीय श्री नीतीश कुमार जी, माननीय मुख्यमंत्री जी, आदरणीय मुख्यमंत्री जी, नीतीश कुमार जी, नीतीश बाबू, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी, आदरणीय मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री जी, आदरणीय नीतीश कुमार जी, आदरणीय नीतीश कुमार जी जैसे संबोधन शामिल हैं।

सम्राट चौधरी ने राजद को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि बिहार में नौकरी देने का श्रेय कोई दूसरा नहीं ले सकता। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2005 से 2020 के दौरान 7.50 लाख लोगों को नौकरी दी, जबकि लालू प्रसाद व उनके परिवार के शासनकाल में 1990 से 2005 के दौरान एक लाख लोगों को भी नौकरी नहीं मिली। अपने शासनकाल में तो इन्होंने नौकरी दी नहीं और आज श्रेय लेना चाहते हैं। श्री चौधरी ने कहा कि विकास से राजद और महागठबंधन का दूर-दूर तक नाता नहीं है। सम्राट चौधरी ने कहा कि कभी बिहार के हालात ऐसे थे, जब मुख्यमंत्री आवास एक अणे मार्ग से अपराधियों को संरक्षण मिलता था। वहां से बैठकर वसूली होती थी। नीतीश कुमार ने इन सबको बदल दिया। आज कानून का राज है। सम्राट चौधरी ने कहा कि जातीय गणना का निर्णय जून 2022 में लिया गया। कैबिनेट की बैठक में इस पर मुहर लगी। उसके बाद काम प्रारंभ हुआ। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में काम हुआ। कोई और कैसे इसका श्रेय ले सकता है। बजट चर्चा पर दिए गए भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि बिहार का बजट पिछले साल की तुलना में 16 हजार करोड़ बढ़ा है। पिछले वर्ष बजट 2.61 लाख करोड़ का था, जो इस साल 2.78 लाख करोड़ का हो गया है। 2005 में बिहार का बजट महज 22 हजार करोड़ रुपये का था। बिहार ने वहां से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में यहां तक की यात्रा पूरी की। उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा राज्य की नयी एनडीए सरकार को बिहार के लिए शुभ बताया और कहा कि सरकार बनते ही केंद्र से मिलने वाली सहायता राशि में 9 हजार करोड़ की वृद्धि हो गयी। बिहार को केंद्र से 1.02 लाख करोड़ की सहायता मिलनी थी, जो अब 1.11 लाख करोड़ हो गयी है। केंद्र से राज्य को 1.76 लाख करोड़ सहायता और ऋण के तौर मिलेगा। इसमें 50 साल के लिये ब्याज रहित ऋण भी शामिल है।

### नीतीश कुमार पर जमकर बरसे तेजस्वी, कहा- सीएम ने बिहार को शर्मसार किया



**पटना, एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने बिहार के विकास के लिए सहयोग की अपील की। सोमवार को 'जन विश्वास यात्रा' पर निकलने के एक दिन पहले सोशल मीडिया पर लाइव के माध्यम से उन्होंने लोगों को संबोधित किया। इस दौरान तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि गुड गवर्नेंस के बिना बिहार का भला नहीं हो सकता है, इसके लिए सरकार का स्थायीत्व जरूरी है। तेजस्वी ने बार-बार सरकार के बदलने को लोकतंत्र के लिए शर्मसार करने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हमलोग शर्मसार हो रहे हैं जबकि बिहार लोकतंत्र की जननी है। तेजस्वी ने करीब 23 मिनट तक सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी बातें रखी। तेजस्वी ने वर्ष 2020 में चुनाव पूर्व गठबंधन और बेरोजगारी को देश एवं प्रदेश की सबसे बड़ी समस्या बताने सहित अन्य बातों को विस्तारपूर्वक रखा। उन्होंने सवाल किया कि 2020 में पहली बार किसने मुख्यमंत्री बनने पर दस लाख नौकरी देने की बात कही थी। इसके पहले हमने वैज्ञानिक अध्ययन किया था। तेजस्वी ने बिहार के विकास के लिए सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि बिहार जबतक विकसित राज्यों में शामिल नही हो जाता तबतक उनकी लड़ाई जारी रहेगी। तेजस्वी यादव ने कहा कि महागठबंधन सरकार के 17 माह के दौरान उन्होंने अपनी क्षमता का मात्र दस प्रतिशत ही उपयोग किया है। उन्होंने लोगों से पहले की तरह ही बिहार के विकास के लिए, नौकरी-रोजगार के लिए जाति-धर्म से उपर उठकर सहयोग करने की अपील की।

## संक्षिप्त समाचार

### 11 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** अंतीचक थाना क्षेत्र के कुतुबपुर पहाड़िया टोला में 11 साल की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिग लड़की की मां ने अंतीचक थाना में मामला दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष जीवू यादव ने बताया कि लड़की की मां ने थाना में मामला दर्ज कराते हुए कुतुबपुर पहाड़िया टोला के तीन बच्चों के पिता मुकेश पहाड़िया के खिलाफ दुष्कर्म करने का नामजद मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा गया है कि नाबालिक लड़की घर में अकेली थी। मां बाहर काम करने गई थी। कामकर वापस घर आई तो दोनों को नग्न अवस्था में देखा। आरोपी जबरदस्ती उसकी लड़की के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सों एक्ट व दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस ने लड़की का मेडिकल चेकअप कराया।

### कहलगांव और बाढ़ की टीम ने अपने-अपने मैच जीते



**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** एनटीपीसी कहलगांव परियोजना में अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 19 से 23 फरवरी तक किया जा रहा है। जिसमें एनटीपीसी कहलगांव, फरक्का, बाढ़, कांटी, बीआरबीसीएल, एनपीजीसीएल, बरौनी, पतरातु की टीमें हिस्सा ले रही हैं। डॉ भीम राव अम्बेडकर स्टेडियम में टूर्नामेंट का शुभारंभ क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पूर्वी क्षेत्र-एक सुदीप नाग ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से परियोजना प्रमुख कहलगांव अजय शर्मा की उपस्थिति में किया। पहले दिन पहले सत्र में कहलगांव बनाम पतरातु परियोजना के बीच खेला गया। जिसमें कहलगांव की टीम ने निर्धारित 15 ओवर के मैच में 123 रन का स्कोर किया। जबाव में पतरातु की टीम 45 रन ही बना सकी। मैन आफ द मैच कहलगांव टीम के शुभम कुमार रहे। दूसरा मैच बाढ़ बनाम कांटी परियोजना के बीच खेला गया। जिसमें बाढ़ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 112 रन का लक्ष्य रखा। जबाव में कांटी की टीम 90 रन पर ही सिमट गई। प्रतियोगिता में बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के संजय सिंह एवं सुबित सिंह अम्पायर, वरुण सिंह ने स्कोरर तथा मृतुंजय झा ने कॉमेंटेटर की भूमिका निभाई।

### रंगरा पुलिस की निष्क्रियता से शोभा देवी की हुई मौत



**भागलपुर/नवगछिया, एजेंसी।** भाकपा माले के जिला सचिव विंदेश्वरी मंडल, प्रखंड सचिव रामदेव सिंह, सह सचिव गौरीशंकर राय, ऐपवा जिला सचिव रेणु देवी, कंचन देवी व मीना देवी की सात सदस्यीय जांच टीम रंगरा पहुंचकर मृत शोभा देवी के परिजनों एवं आसपास के ग्रामीणों से मिलकर घटनाक्रम की जांच पड़ताल की। माले नेताओं ने कहा कि जांच टीम ने पाया कि शोभा देवी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने परिजन थाना गए थे लेकिन पुलिस पूरी तरह से उदासीन बनी रही और उल्टे ही उनके परिजनों को कहा कि तुम्हारा परिवार मिल जायेगा। शोभा देवी के परिजनों ने आरोपी के घरों की तलाशी लेने के लिए भी कहा था लेकिन पुलिस उनके घर नहीं गई और आरोपी उल्टे आकर महिला के परिजन को गोली मार देने की धमकी दी। जांच टीम ने कहा कि अगर रंगरा पुलिस सक्रिय रहती तो शोभा देवी की इज्जत और जान बच सकती थी। जांच टीम ने पाया कि ग्रामीणों पर छह राउंड गोलियां चलाई गयी है। जिसका नेतृत्व रंगरा थाना प्रभारी कर रहे थे। इसके अलावा मृतक के परिजनों को दाह संस्कार करने के लिए कुछ भी सहायता राशि उपलब्ध नहीं कराई गयी। माले नेताओ ने कहा कि भाकपा माले मंगलवार को इस जघन्य घटना के खिलाफ रंगरा थाना प्रभारी की बर्खास्तगी एवं उन पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराने, सभी आरोपियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल चलाकर सजा दिलाने, मृतक के परिजनों को 20 लाख रुपए मुआवजा देने, घटना की उच्चस्तरीय जांच आदि सवालों को लेकर मंगलवार को नवगछिया में प्रतिवाद मार्च निकाला जायेगा।

## समस्तीपुर में प्रसाद खाने के बाद 100 से अधिक लोग बीमार, अस्पताल में भर्ती



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीननगर थाना क्षेत्र की बोचहा पंचायत में पूजा का प्रसाद खाने के बाद 100 से अधिक लोग बीमार हो गए हैं। उल्टी, दस्त, चक्कर आना और सिर दर्द की समस्या के बाद सभी को पीएचसी मोहिउद्दीननगर व अनुमंडलीय अस्पताल पटोरी में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार, सभी रोगी खतरे से बाहर हैं। रोगियों की संख्या और अधिक होने की संभावना है। मोहिउद्दीननगर पीएचसी की टीम मौके पर कैंप कर रही है। चिकित्सकों ने बताया कि फूड प्वाइजनिंग के कारण सभी बीमार हुए हैं। लगभग पांच दर्जन रोगियों को पीएचसी मोहिउद्दीननगर और पांच दर्जन रोगियों को अनुमंडलीय अस्पताल पटोरी में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, मोहिउद्दीननगर प्रखंड की बोचहा पंचायत स्थित वार्ड 13 निवासी स्वर्गीय धुनिलाल पासवान के पुत्र राजीव पासवान व संजीव पासवान ने शनिवार को अपने घर पर शिवचर्चा आयोजित की थी। इस मौके पर शनिवार देर शाम सत्यनारायण भगवान की पूजा हुई। पूजा के बाद केला-दूध मिश्रित प्रसाद का वितरण हुआ। कहा जा रहा है कि प्रसाद खाने पर शनिवार मध्य रात्रि के बाद लोगों को उल्टी-दस्त, सिर दर्द, चक्कर जैसी शिकायतें शुरू हो गईं। रविवार को सभी बीमार लोगों का इलाज कराया गया लेकिन सोमवार सुबह तक रोगियों की संख्या बढ़ने पर उन्हें पीएचसी मोहिउद्दीननगर लाया गया। वहां पांच दर्जन लोगों की चिकित्सा शुरू हो गई। रोगियों की संख्या बढ़ने पर लगभग 5 दर्जन रोगियों को एंबुलेंस से अनुमंडलीय अस्पताल, पटोरी लाया गया। अनुमंडल अस्पताल पटोरी के चिकित्सक डॉ. आनंद प्रकाश व डॉ. निहाल ने बताया कि सभी रोगी खतरे से बाहर हैं। उनकी चिकित्सा की जा रही है। प्रसाद खाने के बाद फूड प्वाइजनिंग के कारण घटना हुई है। अनुमंडलीय अस्पताल में आए रोगियों में सुधार हो रहा है। स्थिति में सुधार होने पर उन्हें घर भेज दिया जाएगा।






## महादेव की पूजा कर जन विश्वास यात्रा पर निकले तेजस्वी यादव, लालू-राबड़ी का लिया आशीर्वाद

**भागलपुर/, एजेंसी।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने जन विश्वास यात्रा पर निकलने से पहले मंगलवार को अपने घर पर महादेव की पूजा अर्चना की। उन्होंने गाय को रोटी खिलाई। फिर अपनी माता राबड़ी देवी और पिता लालू प्रसाद यादव का आशीर्वाद लिया। इसके बाद वे अपने आवास से रथ में सवार होकर बिहार की यात्रा पर निकल गए। मुजफ्फरपुर में सभा के बाद उनकी यात्रा की विधिवित शुरुआत होने जा रही है। तेजस्वी अगले 10 दिनों के भीतर बिहार के 32 जिलों का दौरा करके रैलियां करेंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महागठबंधन से अलग होने के बाद लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले आरजेडी अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश करेगी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मंगलवार सुबह अपने आवास पर पूजा अर्चना की। इसके बाद अपने बस नुमा रथ में सवार होकर जन विश्वास यात्रा पर निकल पड़े। तेजस्वी पटना से वैशाली होते हुए मुजफ्फरपुर गए हैं। जिले के कुढ़नी में रैली को संबोधित करके वे यात्रा की विधिवत शुरुआत करेंगे। तेजस्वी यादव की जन विश्वास यात्रा को लेकर आरजेडी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। उनके कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए जगह-जगह स्वागत की तैयारी की गई है।

विभिन्न जिलों में होने वाली उनकी जनसभाओं में भीड़ जुटाने का टास्क भी स्थानीय नेताओं को सौंपा गया है। बीते दो दिन विधायक, एमएलसी से लेकर आरजेडी के पदाधिकारियों ने गांव-गांव जाकर तेजस्वी यादव की यात्रा में शामिल होने के लिए अभियान चलाया। तेजस्वी यादव अपनी यात्रा के दौरान 17 महीने की महागठबंधन सरकार के कामों को गिनाएंगे।

इस सरकार के कामों का श्रेय लेने के मुद्दे पर आरजेडी और जेडीयू में जुबानी जंग भी छिड़ी हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेजस्वी समेत आरजेडी नेताओं पर उनकी योजनाओं का श्रेय लेने और धन उगाही के आरोप भी लगाए। इसके अलावा, मौजूदा एनडीए सरकार ने आरजेडी के पूर्व मंत्रियों के विभाग के कामकाजों की समीक्षा के आदेश भी दिए हैं।

## मोतिहारी के युवक को तमिलनाडु में ट्रेन से फेंका, मौत



**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी का दो युवक सुरेंद्र और मोहन तमिलनाडु ट्रेन से जा रहे थे। इसी बीच विल्लुपुरम के पास ट्रेन में सवार लोकल मजदूर से दोनों की किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। इस दौरान किसी ने मोहन को चलती ट्रेन से फेंक दिया। जिसमें मोहन बिजली के तार की चपटे में आने से बुरी तरह जल झुलस गया और रेलवे ट्रैक पर लोगों से मदद की गुहार लगाने लगा। लेकिन किसी ने भी उसकी मदद नहीं की। वहीं लोगों ने उसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो को देखकर वहा के प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। उसके मौत के नौ दिन बाद उसका शव उसके पैतृक गांव पहुंचा। जहां उसके परिजन उसके शव से लिपट कर रोने लगे

**सरकार से मदद दिलाने का दिया आश्वासन :** स्थानीय मुखिया विनय कुमार ने बताया कि उनके पंचायत के कवलपुर के रहने वाले मोहन महतो और सुरेंद्र महतो 4 फरवरी को मजदूरी करने के लिए तमिलनाडु ट्रेन से जा रहे थे। इसी बीच विल्लुपुरम रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन में उसकी झड़प हो गई। जिसके बाद उसे चलती ट्रेन उसे किसी ने फेंक दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं उन्होंने बताया कि हम पीड़ित परिवार को सरकार से मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे।

### शरारती तत्वों ने बाइक सवार पिता-पुत्र को पैर मार कर गिराया

**मुजफ्फरपुर/मोतीपुर, एजेंसी।** यदि आप सड़क पर चल रहे हैं, तो सावधान हो जाइए। नहीं तो शरारती तत्व आपको नुकसान पहुंचा सकता है। चाहे चारपहिया चला रहे हों या फिर दोपहिया। बदमाश नित्य नया-नया तरकीब अपना रहा है। राह चलते वाहन रोक कर लूट व छिनतई तो आपने सुना होगा, लेकिन पैर मारकर वाहन से गिरा देना, बदमाशों ने एक नया ट्रेंड शुरू किया है, जो जानलेवा भी साबित हो सकता है। इस पर पुलिस प्रशासन को नकेल कसना होगा।

### हथकड़ी समेत एसकेएमसीएच फरार हो गया था विशाल

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अहियापुर में गैंगवार में मारा गया कुख्यात शूटर विशाल इतना शातिर था कि छह साल पहले 20 मई 2018 को पुलिस को चकमा देकर एसकेएमसीएच से हथकड़ी समेत फरार हो गया था। तब उसे अहियापुर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। हाजत में ही तबियत बिगड़ने का बहाना बनाया। जब पुलिस उसे इलाज के लिए एसकेएमसीएच ले गई तो शौच जाने के बहाने बाथरूम में गया और हथकड़ी समेत वेंटिलेटर तोड़कर फरार हो गया था। अहियापुर पुलिस ने बताया कि लूट और छिनतई के दौरान हल्का विरोध होने पर विशाल गोली मार देता था। 19 मई 2018 को बखरी में उसने पूर्णिया के कॉस्मेटिक प्रोडक्ट का फेरी करने वाले को पर्स छीनने के दौरान गोली मार दी थी। पुलिस ने बताया कि इसी कांड में उसकी गिरफ्तारी हुई थी, जिसके बाद वह एसकेएमसीएच से भाग निकला था। इसके अलावा अहियापुर में कई डकैती और लूट को वह अंजाम दे चुका है। इसके गिरोह में आधा दर्जन से अधिक शातिर अपराधी है। इसका साथी डेविड सिवाइपट्टी में पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ था। इसी मुठभेड़ में राशिद उर्फ डेविड, कौशल दास और संतोष सहनी उर्फ बैगन घायल हुआ था। तीनों ने कार्बाइन से पुलिस पर गोली चलाई थी, जिसमें तत्कालीन डीएसपी पूर्वी मनोज पांडेय और सिवाइपट्टी थानेदार मनमोहन कुमार बाल-बाल बचे थे। इससे पहले विशाल के गिरोह ने कांटी के तत्कालीन थानेदार संजय सिंह पर फायरिंग कर फरार हो गए थे।

## मोटी कमाई के लालच में फंस गया इंजीनियर परिवार, साइबर ठगों ने 99 लाख ऐंठे




**पटना, एजेंसी।** शेयर मार्केट में निवेश कर मोटी कमाई का लालच देकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहा है। ताजा मामले में साइबर ठगों ने शेयर मार्केट में भारी मुनाफे का लालच देकर दीघा निवासी सिविल इंजीनियर उनके लेक्चरर भाई और बीटेक कर चुके बेटे से 99 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ितों ने एक महीने में 26 बार में रुपये ठगों के अलग-अलग खातों में ऑनलाइन स्थानांतरित किए। इसी बहाने विधान सभा के प्रतिवेदक से भी 47 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। पहले मामले में दीघा जबकि प्रतिवेदक की शिकायत पर साइबर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। दीघा थानेदार ब्रजकिशोर सिंह ने बताया कि 99 लाख की ठगी में मामले में जांच शुरू कर दी गई है। संजय कुमार सिंह परिवार के साथ दीघा के पोलसन रोड स्थित अपार्टमेंट में रहते हैं। उनके भाई सरोज कुमार सिंह छपरा के राजेंद्र कॉलेज में गेस्ट लेक्चरर हैं। जबकि बेटे सौरभ कुमार ने बीटेक कर रखा है। पीड़ित ने बताया कि बीते जनवरी महीने में उनके भाई और बेटे को फेसबुक के माध्यम से शेयर मार्केट में निवेश की जानकारी मिली थी। जिसके बाद तीनों पेसेफिक ऑनलाइन क्लब नंबर-19 नाम की कंपनी के वाट्सएप ग्रुप से जुड़ गए। साइबर ठगों ने निवेश करने पर पीड़ितों को मोटा मुनाफा का झांसा दिया। जिसके बाद तीनों ने अपने-अपने खाते से लगातार शातिरों के बताए खाते में ऑनलाइन रुपये ट्रांसफर करने लगे। जयपुर, हैदराबाद और छत्तीसगढ़ के खाते में मंगाए गए रुपये संजय कुमार सिंह ने पहली बार नौ जनवरी को कंपनी के खाते में चार लाख रुपये भेजे थे। बाद में पीड़ित, उनके भाई और बेटे ने 26 बार में कुल 99 लाख रुपये ठगों के खाते में स्थानांतरित कर दिए। पीड़ित आठ फरवरी को रुपये निकालने की योजना बना रहे थे। इसी दौरान उन्होंने पाया कि व्हाट्सएप ग्रुप के सारे संपर्क बंद हो गए हैं। इसके बाद उन्होंने ठगी की शिकायत 17 फरवरी को दीघा थाने में दर्ज कराई। ठगी के रुपये जयपुर, हैदराबाद और छत्तीसगढ़ के खाते में मंगाए गए हैं। साइबर ठगों ने शेयर मार्केट के नाम पर विधान सभा प्रतिवेदक को 47 हजार रुपये का चूना लगा दिया। मूल रूप से जयपुर निवासी राहुल कुमार यादव विधान सभा में प्रतिवेदक के पद पर कार्यरत हैं। आठ फरवरी को उनके मोबाइल फोन पर शेयर मार्केट संबंधी एक व्हाट्सएप आया था। फोन करने पर शातिरों ने उन्हें बताया कि कंपनी में 10 हजार रुपये निवेश करने पर एक दिन में 25 हजार रुपये का मुनाफा दिया जाएगा। झांसा में आकर पीड़ित ने ठग के खाते में 47 हजार 800 रुपये भेज दिए। मुनाफा मांगने पर राहुल कुमार से 37 हजार 590 रुपये और मांगे गए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने 18 फरवरी को इस संबंध में साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया।

## संक्षिप्त समाचार

### 3 घरों में हुई चोरी, 2 आरोपी की हुई गिरफ्तारी, 2 घर से करीब 8 लाख की ज्वेलरी ले गए

चाणक्य भूमि। **पटना**। पटना में शातिरों चोरों ने दीघा थाना क्षेत्र स्थित निराला नगर के यादव कालोनी में सेकंड हैंड गाड़ियों का कारोबार करने वाले विनोद चौधरी के घर का ताला तोड़कर करीब एक लाख नगद और तीन लाख के गहने की चोरी कर ली। विनोद ने अपने लिखित बयान में पुलिस को बताया कि वे मूलरूप से अरवल के रहने वाले हैं। पूरा परिवार एक श्राद्धकर्म में भाग लेने के लिए औरंगाबाद गया हुआ था। सोमवार को देर शाम जब सब लोग वापस आए तो देखा कि घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। एक एक कमरा खंगाल हुआ है। घर के आलमीरा में रखे पैसे और गहने गायब है। इसके बाद दीघा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस छानबीन कर रही है। दूसरे मामले में एसके पूरी थाना क्षेत्र के न्यू पाटलीपुत्र कालोनी के पूजा अपार्टमेंट में रहने वाले आदित्य नाथ झा के फ्लैट का ताला के तोड़कर पूरे घर को खंगाल दिया। चोरों ने घर से करीब पांच लाख के गहने और कुछ कैश की चोरी की है। आदित्य नाथ झा मूलतः मधुबनी के रहने वाले हैं। पूरा परिवार गांव गया हुआ था। घर से सोमवार को शाम लौटे तो देखा ताला कटा हुआ है। जिसके बाद आदित्य नाथ झा ने घटना की जानकारी एसके पुरी थाने की पुलिस को दी। पुलिस केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अपार्टमेंट के गार्ड से हर आने जाने वाले का डिटेल ले रही है। अपार्टमेंट के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाल रही है। वहीं, तीसरे मामले में चोरी करते हुए दो चोर को गिरफ्तार कर लिया गया है। राजीव नगर के एनटीपीसी रोड में नागेंद्र वैध के फ्लैट में चोरी करते हुए दो शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। नागेंद्र अपने मकान में पहले तल्ले पर रहते हैं। उनके किराएदार विजय राम तीसरे तल्ले पर रहते हैं। नागेंद्र कहीं बाहर गए हुए थे तभी देर शाम विजय राम को पहले नीचे से कुछ आवाज आई। नीचे जाकर देखा तो दो शातिर फ्लैट में ताला तोड़कर घुसे हुए हैं। विजय राम फ्लैट को बाहर से बंद कर दिया और पुलिस को फोन कर दिया। सूचना मिलते ही राजीव नगर की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चोर मो. जाकिर सीतामढ़ी के सुरसंड और अफरोज रुपसपुर का रहने वाला है।

### पटना में आज नियोजित शिक्षकों की बैठक, डिप्टी सीएम से मिलने पहुंच सकते हैं टीचर्स

**चाणक्य भूमि**। **पटना**। 6 दिन पहले शिक्षकों ने मांगों को लेकर पटना में प्रदर्शन किया था। बीजेपी ऑफिस का घेराव करने निकले टीचर्स पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। नियोजित शिक्षकों की आज एक बार फिर से महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है। इस बैठक में कुछ बड़ा फैसला लिया जा सकता है। नियोजित शिक्षकों का कहना है कि डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने दो दिन का समय दिया था। आज 5वां दिन है, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला है। आज शिक्षक डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी से भी दोबारा मिलने जा सकते हैं। पिछली मीटिंग के बाद सम्राट चौधरी ने कहा था कि 2 दिन में सीएम और शिक्षा मंत्री से बात कर शिक्षकों की समस्याओं का हल निकालेंगे। शिक्षकों का 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल उनसे मुलाकात के लिए गया था। नियोजित शिक्षकों का कहना है कि दूसरी तरफ शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव केके पाठक लगातार तमाम शिक्षकों पर कार्रवाई कर रहे हैं। कार्रवाई होने के डर से एक शिक्षक ने नाम न देने की शर्त पर बताया कि उनके 5 दिन की वेतन की कटौती कर दी गई है। इसके साथ ही उन्हें सक्षमता परीक्षा में शामिल होने से भी रोका गया है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी से 15 फरवरी को नियोजित शिक्षक संघ की 11 सदस्यीय टीम मिलने पहुंची थी। फिर मीटिंग हुई थी। यह मीटिंग करीब 1 घंटे चली। इसके बाद सम्राट चौधरी ने यह कहा था कि 2 दिन में सीएम और शिक्षा मंत्री से बात कर के शिक्षकों की समस्याओं का हल निकालेंगे। नियोजित शिक्षकों के लिए शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बड़ा ऐलान भी किया था। उन्होंने कहा था कि अभी तीन बार ऑनलाइन सक्षमता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा दो बार ऑफलाइन परीक्षा लेंगे। इस तरह 5 अवसर उपलब्ध होंगे। विजय चौधरी ने कहा कि जो शिक्षक ऑनलाइन एग्जाम नहीं देना चाहते हैं। उनका ख्याल रखते हुए ये फैसला लिया गया है। बता दें कि, नियोजित शिक्षकों ने 13 फरवरी को सक्षमता परीक्षा के विरोध में हजारों की संख्या में पटना में प्रदर्शन किया था। उसके साथ ही शाम में बीजेपी कार्यालय का घेराव भी किया था। प्रशासन सभी को हटाने लगा, लेकिन शिक्षक सम्राट चौधरी से मिलने के लिए उग्र हो गए जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मंगलवार को एक छात्र की मौत

**चाणक्य भूमि बेतिया**। बैरिया थाना क्षेत्र के बगही चौक में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मंगलवार को एक छात्र की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए GMCH भेज दिया है और दुर्घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। दुर्घटना में मृत युवक की पहचान बैरिया के बगही बकुलिया टोला निवासी ओम प्रकाश साह के पुत्र गोविंद कुमार के रूप में हुई है। जो नौतन उच्चतर माध्यमिक स्कूल में का छात्र था। मृतक के पिता ओम प्रकाश साह ने बताया कि उनका पुत्र सोमवार रात करीब 9 बजे घरेलू सामान खरीदने के लिए बगही चौक गया हुआ था। जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर हम लोग घटनास्थल पर पहुंचे और गोविंद को इलाज के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर, घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।वहीं, बैरिया थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से छात्र की मौत हुई है। पुलिस शव का पोस्टमॉर्टम करने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है। मामले में परिजन के बयान पर अज्ञात वाहन के विरोध प्राथमिक की दर्ज कर जांच पड़ताल कि जायेगी ।

## वाणिज्य कर विभाग की जाँच में चार ट्रक पकड़े गये

**चाणक्य भूमि**। **बेतिया** में वाणिज्य कर विभाग की टीम ने कई जगहों पर वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान अधिकारियों ने चार वाहनों को जब्त किया। इसमें से एक ट्रक में छड़ लदा था, एक पिकअप वैन में लकड़ी का फर्नीचर शामिल था। जबकि बाकी दो वाहनों में मिक्श्चर-भुजिया मौजूद था। राज्य कर संयुक्त आयुक्त दिनेश कुमार ने कहा कि जब्त सामान का इ-वे बिल, टैक्स समेत अन्य कागजातों की जांच की जा रही है। इसमें कुछ गलत मिला तो टैक्स और जुर्माना की राशि वसूली जायेगी। सूत्रों की माने तो जीएसटी चोरी रोकने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है।

## तेजस्वी की जन विश्वास यात्रा को लेकर राजद कार्यकर्ताओं की बैठक

**चाणक्य भूमि**। **कौआकोल**। प्रखण्ड के बिझो गांव अवस्थित राजद कार्यालय में मंगलवार को राजद कार्यकर्ताओं की बैठक प्रखण्ड राजद अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 24 फरवरी को नवादा के आईटीआई मैदान में आयोजित होने वाली बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की जन विश्वास यात्रा की सफलता को लेकर चर्चा किया गया। प्रखण्ड राजद अध्यक्ष ने बताया कि गोविंदपुर के विधायक मोहम्मद कामरान के नेतृत्व में कौआकोल प्रखण्ड से दो हजार से अधिक कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक यात्रा में भाग लेंगे। जिसको लेकर विस्तार से समीक्षा किया गया। राजद कार्यकर्ताओं ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री के इस यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। मौके पर मुखिया सूरज पासवान समेत दर्जनों राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जनसंख्या नियंत्रण के लिए महिलाओं को दी जा रही है अंतरा की इंजेक्शन

चाणक्य भूमि। छपरा



सारण जिला सहित राज्य और देश में बढ़ती जनसंख्या को कम करने के उद्देश्य से मिशन परिवार विकास अभियान संचालित किया जा रहा है, ताकि जनसंख्या को स्थिर किया जा सके। जिसको लेकर सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि जो महिला अंतरा लेने का निर्णय ले चुकी है, उन्हें प्रत्येक तीन माह पर इसे लेने की आवश्यकता होती है। क्योंकि गर्भ- निरोधक उपायों को नियमित रूप से लेना महत्वपूर्ण माना जाता है। सदर अस्पताल सहित जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में अंतरा की सुई भरपूर मात्रा में उपलब्ध है। हालांकि यह सुई प्रशिक्षित जीएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) या एएनएम के द्वारा दी जाती है। उसके बाद आशा कार्यकर्ताओ के द्वारा उनका फॉलोअप करते हुए नियमित अंतराल पर उन्हें अगले टीके के लिए समय पर याद दिलाया जाता है। ताकि उक्त महिलाओं को समय पर अंतरा की सुई दी जा सके। सबसे अहम बात यह है कि अंतरा की सुई लेने वाली महिलाओं की सूचनाएं शत प्रतिशत गुप्त रखी जाती है। उपरोक्त सुई की शुरुआत करने से पहले किसी प्रकार की प्रयोगशाला जांच की आवश्यकता नहीं होती है।

**अंतरा छोड़ने के उपरांत महिला कभी भी हो सकती है गर्भवती- डीसीएम**

जिला सामुदायिक उत्प्रेरक (डीसीएम) ब्रजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि परिवार नियोजन में अस्थायी साधनों में गर्भनिरोधक सुई अंतरा को उसके गाइडलाइन के अनुसार महिला लाभार्थी को माहवारी के सात दिवस तक लगा सकते हैं। यदि इसके बाद में लगाना है तो गर्भनिरोधक जांच करने के बाद ही लगाना होता है। दिलचस्प बात यह है कि दूध पिलाने वाली धात्री महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित है, क्योंकि यह दूध की मात्रा एवं गुणवत्ता को प्रभावित नहीं करता है। हालांकि अंतरा की सुई छोड़ने के उपरांत सामान्य महिला आसानी से गर्भवती हो सकती है। अंतरा की सुई का उपयोग करने वाली महिलाओं को गर्भधारण रोकथाम के लिए अन्य किसी साधन का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं होती है। जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों सहित आंगनबाड़ी केंद्रों पर आशा कार्यकर्ताओं के सहयोग से नियमित अंतराल पर अंतरा की सुई लगाने के लिए आयोजन किया जाता है।

**प्रत्येक तीन माह पर इच्छुक महिलाएं आसानी से ले सकती है अंतरा की सुईः डॉ नवनीत कुमार**

बड़ा तेलपा स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नवनीत कुमार का कहना है कि शहरी क्षेत्र सहित जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में प्रत्येक माह परिवार कल्याण सेवाओं में बच्चों के बीच अंतराल रखने और साधनों की प्रगति बढ़ाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य कर्मियों और आशा कार्यकर्ताओं को गर्भनिरोधक सुई अंतरा को अधिक से अधिक लगवाने के लिए समय समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाता है। जिस दौरान योग्य महिलाओं को अंतरा की सुई दी जाती है। साथ ही, उन्हें परिवार नियोजन को लेकर जागरूक भी किया जाता है। ताकि, महिलाओं में इसके लिए जानकारी बढ़े। यह सुई प्रत्येक तीन माह पर इच्छुक महिलाओं को दिया जाता है। यह गर्भधारण को लंबे समय के लिए रोकता है एवं बच्चों में अंतर रखने में मदद करता है।

## छपरा में कृषि विभाग में नियोजित 38 कर्मियों को मिला नियुक्ति पत्र



चाणक्य भूमि। छपरा, सारण

समाहणालय के सभा कक्ष में प्रभारी जिलाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी के द्वारा कृषि विभाग के अधीन विभिन्न पदों पर नवनियोजित 38 कर्मियों को नियोजन पत्र वितरित किया गया। प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक के 12, सहायक तकनीकी प्रबंधक के 23 एवं प्रखण्ड स्तरीय लेखापाल के चयनित 03 अभ्यर्थियों को नियोजन पत्र दिया गया। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी-सह- परियोजना निदेशक, आत्मा, सारण एवं उप परियोजना निदेशक, आत्मा, सारण उपस्थित थे। जिला कृषि पदाधिकारी-सह- परियोजना निदेशक द्वारा सभी अभ्यर्थियों को बताया गया कि 29 फरवरी तक अभ्यर्थी नियोजन पत्र की शर्तों के अनुसार कार्यालय- कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) सारण में कार्य दिवस में उपस्थित होकर सूचना दे सकते हैं। साथ ही उनके द्वारा यह भी बताया गया कि जो अभ्यर्थी नियोजन पत्र वितरण कार्यक्रम मे उपस्थित नहीं हो पाये है वे "आत्मा' कार्यालय से अपना नियोजन पत्र प्राप्त करते हुए उक्त निर्धारित तिथि तक कार्यालय को कार्य अवधि में उपस्थित होकर सूचना दे सकते हैं।

## थानाध्यक्ष ने कई बूथों का किया निरीक्षण




चाणक्य भूमि। बेतिया

मैनाटांड आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ निरीक्षण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिसको लेकर मंगलवार को प्रखंड समन्वयक संगम कुमार भंगहा थानाध्यक्ष राहुल प्रसाद ने सबेया,भंगहा, सिसवा, घुमाटांड एवं रामपुर सहित अन्य कई ग्रामीणों क्षेत्रो में विद्यालय में बने बूथ का निरीक्षण किया। बूथ निरीक्षण के दौरान बूथ पर पेयजल,शौचालय,बिजली सहित अन्य कई तरह की सुविधाओं का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बूथ निरीक्षण के दौरान बूथ पर सुविधा से जुड़ी कई तरह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिस विद्यालय में बूथ बनाया जायेगा वहां पर मतदाताओं को सभी तरह की सुविधा उपलब्ध है या नहीं उसकी जानकारी ली गई है।

**संजीवनी संस्कार स्कूल में आर्ट एंड क्राफ्ट का कैम्प लगा कर बच्चों को सिखाया गया कला**

## कलात्मक क्षमता को बढ़ावा देने से होता है बच्चों का मानसिक विकास- डॉ अनिल

चाणक्य भूमि। छपरा



बच्चों की कलात्मक अभिरुचि एवं रचनात्मक प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से शहर के श्यामचक आदर्श कॉलोनी स्थित संजीवनी संस्कार स्कूल में आर्ट एंड क्राफ्ट का कैम्प लगा कर बच्चों को कला सिखाई गई। कैम्प का उदघाटन स्कूल के डायरेक्टर डॉ अनिल कुमार, स्कूल के प्रचार्य रणजीत भगत, ज्योति सिंह, ऋतू ठाकुर, रोहन राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रवजलित कर किया। उसके बाद आर्ट कलाकार रोहन राय द्वारा बच्चों को कागज से फूल बनाना, कागज के बैग, लैंप एवं पेड़ के पतियों से चित्र बनाने कि कला को सिखाया गया. बच्चे भी कला सीखने में काफी उत्साहित देखे गए। बच्चों ने भी ध्यान पूर्वक इसके बारे में जाना. बच्चों को बताया गया की रदी पेपर को कैसे यूज किया जा सकता है। उससे बेकार चीजों से बहुत सारी उपयोगी चीजें बना सकते हैं और इन चीजों का उपयोग करके अपने घर को सजा सकते हैं। आप अपने खिलौने जैसी चीजें बना सकते हैं। जब हम बेकार चीजों का सही तरीके से उपयोग करते हैं तो यह हमारे और हमारे आसपास के लिए बहुत अच्छा हो सकता है। यह आपके घर में बने कचरे को कम करने का एक अच्छा तरीका है। बच्चों को मानसिक प्रेसर कम करने के लिए और इंजॉय कराने के लिए मोटू पतलू और डांकी डॉल की कहानी सुनाई गई और दिखाई गई। इस मौके पर डॉ अनिल कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की कलात्मक क्षमता उभर कर सामने आती है। इसलिए ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। रदी कागज के बैग, लैंप एवं अन्य कला कृतियों को बच्चों को सिखाना अच्छा रहा। क्रियात्मक व कलात्मक गतिविधियों से बच्चों का मानसिक विकास होता है और वह शिक्षण कार्य में भी रूचि लेते है। इसलिए बच्चों की क्रियात्मकता को बढ़ावा देना ही चाहिए। इस मौके पर इस मौके पर रंजीत भगत(प्राचार्य), रितु कुमारी,ज्योति सिंह, ममता कुमारी, अंजलि पर्वत, कुमारी कल्पना, शिशीर श्रीवास्तव, जन्मेजय सिंह,संदीप शर्मा, सीमा मिश्रा, सुरभि कुमारी, साबिया, पूजा कुमारी, कमलेश कुमार इत्यादि मौजूद थे।

## मशरक के दक्षिण टोला में दो दिवसीय राम नाम संकीर्तन को निकली भव्य कलशयात्रा

चाणक्य भूमि। छपरा



मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के दक्षिण टोला गांव में दो दिवसीय राम नाम संकीर्तन का शुभारंभ भव्य कलशयात्रा से शुरू की गयी। भक्ति गीतो पर नाचते गाते महिला पुरूष श्रद्धालु यज्ञ मंडप से घोघाड़ी नदी घाट पर पहुंचे जहा विधिवत पूजन कर कलश में जल बोझी कराई गई। मौके पर अधिवक्ता मनोज कुमार पंडित, डॉ पी के परमार, अरविंद कुमार, पंकज कुमार, शिवम् कुमार समेत अन्य मौजूद रहें। कलशयात्रा से आचार्य जगदीश तिवारी की मौजूदगी में यजमान श्री कांत पंडित और धर्मपत्नी उर्मिला देवी की मौजूदगी में विधिवत पूजा अर्चना कर दर्जनों पीला वस्त्र धारण किए कुंवारी कन्याओं के हाथ में कलश लेकर कलशयात्रा निकाली गई। जो दक्षिण टोला, वासुदेव नगर चौंक, मुन्नी मोड़ चौंक, मशरक जंक्शन होते हुए घोघाड़ी नदी के घाट पर पहुंची जहां कलश में पवित्र जल बोझी के बाद पुनः यज्ञ मंडप में पहुंची जहां विधिवत पूजा अर्चना कर दो दिवसीय राम नाम संकीर्तन की शुरुआत की गयी।

### पटना पुलिस के मालखाना से कार गायब

**चाणक्य भूमि**। **पटना**। पटना पुलिस के बांस घाट शवदाह गृह के पास बनाए गए गांधी मैदान थाना के अस्थाई मालखाना से हुंडई एसेंट कार चोरी हो गई है। इसके बाद हड़कंप मच गया है। आनन फानन में गांधी मैदान थाने के मालखाना प्रभारी संतलाल सिंह ने बुद्धा कॉलोनी थाना में अज्ञात शातिरों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। थाना में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस चोर का पता लगाने में जुटी हुई है। गांधी मैदान थाने की पुलिस ने 7 मार्च 2020 को शराब की बोतल मिलने के कारण हुंडई एसेंट कार को जब्त किया था। गांधी मैदान थाना के मालखाना का सामान थाना के सामने ही रखा जाता था। जिसके कारण वहां जाम लग जाता था। इसीलिए 5 अप्रैल 22 को गांधी मैदान थाना के सामने पड़ी गाड़ियों को बुद्धा कालोनी थाना क्षेत्र स्थित बांस घाट शवदाह गृह के बगल के जगह में रख दिया गया। अब यहां से ये कार गायब है।

## लोकसभा चुनाव में महाराजगंज में होगा परिवर्तन- रणधीर सिंह



चाणक्य भूमि। छपरा

बनियापुर प्रखंड के बनियापुर में एक उद्घाटन समारोह में पहुंचे राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता एवं छपरा के पूर्व विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में महाराजगंज में परिवर्तन निश्चित ही होगा। उन्होंने बातचीत के सिलसिले में कहा कि जनता इस बार मूड बना चुकी है। जब जनता मूड बना लेती है तो परिवर्तन निश्चित ही रूप से होता है। उन्होंने कहा कि मैं लगातार लोकसभा क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं तथा जनता के मूड को मैं देख चुका हूं। उनके साथ राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता एवं बनियापुर विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक केदारनाथ सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### बिहार बोर्ड मैट्रिक एग्जाम का 5वां दिन, दोनों ही पालियों में सोशल साइंस विषय की हुई परीक्षा

**चाणक्य भूमि**। **पटना**। बिहार बोर्ड मैट्रिक के 5वें दिन की परीक्षा खत्म हो गई है। आज दोनों ही पालियों में सोशल साइंस विषय की परीक्षा हुई। पूरे बिहार में पहली पाली में 8,50,571 और दूसरी पाली में 8,44,210 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा के दौरान 11 जिलों से 40 परीक्षार्थियों को नकल करने के आरोप में निष्कासित किया गया। इनमें भोजपुर से 10, नालंदा व सारण से आठ-आठ, सहरसा से पांच, जमुई से तीन, भागलपुर, पूर्णिया, रोहतास, गया, सीवान व गोपालगंज से एक-एक परीक्षार्थी निष्कासित किये गये। वहीं, पांच जिलों से आठ फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गये. इनमें मधेपुरा से तीन, भागलपुर से दो, नवादा, औरंगाबाद एवं मधुबनी से एक-एक फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गये। पटना जिला में 75,850 परीक्षार्थियों के लिए 70 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं।

## सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ डांस करने वाले युवक को किया गया गिरफ्तार

चाणक्य भूमि। छपरा



सारण पुलिस ने जलालपुर थानान्तर्गत सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ डांस करने वाले युवक को हिरासत में ले लिया है। इस संबंध में बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें दो युवक अवैध हथियार लेकर नर्तकी के साथ डांस कर थे। उक्त वीडियो के सत्यापन उपरांत पाया गया कि वीडियो में हथियार के साथ डांस कर रहे दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान आशीष कुमार पिता-शम्भू मांझी, ग्राम- रामपुर नूरनगर, थाना- जलालपुर, जिला-सारण और विनोद कुमार राय उर्फ़ झाबर पिता- वकील राय, ग्राम- धूपनगर मठिया, थाना- जलालपुर, जिला-सारण के रूप में की गई है। इस संबंध में जलालपुर थाना कांड संख्या-43/24, दिनांक-19.02.2024, धारा- 188 भा०द०वि० एवं 25(1- बी) ए/26/30/35 आर्म्स अधिनियम दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। उक्त दोनों अभियुक्त को एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक चाकू एवं दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी जलालपुर के थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## आपसी विवाद में जमकर मारपीट

चाणक्य भूमि। छोराही बेगुसराय



आपसी रंजिश में जमकर हुई मारपीट दर्जनों महिला घायल पीएचसी में चल रहा इलाज थाना क्षेत्र के पंचायत सिहमा वार्ड संख्या 4 से जबरन घर में घुसकर धारदार हथियार एवं पिस्टल के कुंड से मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी देते उक्त गांव निवासी रोशनी खातून उम्र 65 वर्ष पति मोहम्मद याकूब ने बताया कि मंगलवार तकरीबन 11:00 बजे दिन में एक गए व्यापारी के हाथ बचा मेरा पड़ोसी अपराध प्रवृति के मोहम्मद करीमन मोहम्मद इसराइल मोहम्मद आलम मोहम्मद ताहिर ताहिर मोहम्मद दर्जनों की संख्या में गाली गलौज करते मेरे घर में घुस गया और बोला रुपया लो मना करने पर करीम के आदेश पर सभी दर्जनों आरोपी धारदार हथियार लिए मुझे मरने लगे मोहम्मद इसराइल हाथ में पिस्टल लिए कुंडा से मेरे सिर पर प्रहार कर घायल कर दिया और अपने सहयोगियों के साथ मेरे परिवार के दर्जनों महिला जो मुझे बचाने आई उसे पीठ पीठ कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। नूरजहां खातून पति मोहम्मद मुस्तकीम का बाय पाओ पिस्टल के कुंडा से पीट कर फ्रैक्चर कर दिया है इसकी सूचना पुलिस को दिया ग्रामीणों के सहयोग से जान बची और इलाज के लिए पीएचसी छौराही लाया गया जहां इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि 6000 नगद रुपया और मोबाइल एवं एमप्लीफायर मशीन दो मोहम्मद इसराइल लूट कर ले गया है। थाना अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है घटना की तफसीश कार्यवाही की जाएगी।

# सम्मानित किये गये एचपीसीएल सुगौली के जीएम विजय दीक्षित

## सामूहिक विवाह में उत्कृष्ट सहयोग के लिए हुए सम्मानित

» 15 मार्च को भव्य कलश यात्रा और 22 मार्च को सामूहिक शादी होगी

चाणक्य भूमि। (कनकलता)बेतिया



महाप्रवंधक को सम्मानित करते मुखिया प्रत्तिनिधिऔर समिति सदस्य

पूर्वीचंपारण की धरती पर होने वाले भव्य श्रीविष्णु महायज्ञ सह सामूहिक विवाह कमिटी पूर्वी सरेयाके सदस्यों ने एचपीसीएल के महाप्रवंधक विजय कुमार दीक्षित को उत्कृष्ट कार्यों के लिए अंग वस्त्र प्रदान कर मुखिया प्रत्तिनिधि चन्द्र भूषण पांडेय जिला पार्षद तेज नारायण प्रसाद,उप मुखिया उमेश यादव,समाजसेवी रविकांत प्रसाद,शुगर इंडस्ट्रीज मझौलिया के ऑफिसर टाइम ऑफिस सत्येन्द्र श्रीवास्तव और अरुण साह ने माल्यर्पण कर और अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर पूर्वी चंपारण के प्रखर और लौह पुरुष विजय दीक्षित को निमंत्रण पत्र सौंपा गया।श्री दीक्षित ने हर सम्भव मदद करने का आश्वाशन दिया।उल्लेखनीय है कि यज्ञ समिति के वरिष्ठ सलाहकार तथा दानवीर जो एचपीसीएल सुगौली शुगर इंडस्ट्रीज के महाप्रबंधक विजय कुमार दीक्षित के नेतृत्व में एचपीसीएल की सुगौली चीनी मिल रोज नित नये आयाम तथा कीर्तिमान को स्थापित कर रही है ।जो चीनी मिल घाटे में चलते हुए बन्द होने के कगार पर थी ,पेराई और रिकवरी में बेहतर कर रही है।पूर्वी चंपारण के डीएम ने इस वावत उन्हें पुरस्कृत किया है।बताते चले कि आगामी 22 मार्च को सरेया कचहरी टोला में 31 कन्याओं का सामूहिक विवाह और सप्ताह व्यापी विष्णु महायज्ञ का श्री गणेश होगा।15 मार्च को भव्य कलश यात्रा का आयोजन है।इस पुनीत कार्य मे समस्त ग्रामीणों का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## मोतिहारी में रविदास जयंती समारोह मनाया जायेगा



चाणक्य भूमि। मोतिहारी

आगामी 25 फरवरी को सद्गुरु रविदास जयंती समारोह सह वंचित वर्ग चेतना महासभा भारतीय चमार महासंघ के तत्वाधान में महात्मा गाँधी प्रेक्षागृह अम्बेडकर चौक में धुमधाम से मनाया जाना है। इसको लेकर कोटवा प्रखण्ड में (बीसीएम) की कोर कमिरी के सदस्य ई. लक्ष्मण राम. मनोज राम, यादव राम, यादव राम,नन्दकिशोर राम, धर्मेंद्र कु०, ज्योतिक राम, मुन्ना कु० द्वारा प्रखंड क्षेत्र के कररिया, अहिरौलिया, कोटवा, सुबैया, बथना , महान्दा, पोखरा आदि गौवों को दौरा किया गया, उपरोक्त जानकारी मनोज राम ने दी।









## दो दिवसीय कृषि यांत्रीकरण मेला का आयोजन



चाणक्य भूमि। बेतिया

बेतिया के बरबत कृषि क्षेत्र मे आयोजित दो दिवसीय कृषि यांत्रीकरण मेला शुभारंभ जिला पदाधिकारी व जिला कृषि पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया । मेले मे कृषि से संबंधित कई स्टाल के साथ ही मोती उत्पादन के साथ ही मशरूम की खेती के बारे मे भी जानकारी दी जा रही थी। इस कृषी यांत्रीकरण मेले मे उपकरणों की खरीदारी करने वाले किसानों के लिये कृषि विभाग द्वारा रजिस्ट्रेशन भी किया जा रहा था । इस संबंध मे जिला कृषी पदाधिकारी प्रवीण कुमार राय ने बताया की 108 तरह के यंत्रो पर सरकार द्वारा अनुदान दिया जा रहा है । फसल अपशिष्ट को ना जलाने के लिये भी किसानो को जागरुक किया जा रहा है । वही मशरूम का स्टॉल नौतन के युवा किसान उपेन्द्र कुमार ने लगाया था उन्होंने बताया की आज हम यहा मटर मशरूम का स्टॉल लगाये है यह मशरूम काफी फायदामंद मशरूम है इसे सुगर पेसेंट भी खा सकते है ।

# 15 वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये पूर्व सांसद स्व.मदन प्रसाद जायसवाल

## 13 लाख की लागत से नवनिर्मित श्मसान घाट की चारदीवारी का किया गया उदघाटन

### नवनिर्मित श्मसान परिसर सांसद व उनके अनुज ने लगाये फलदार पौधे

चाणक्य भूमि। (कनकलता)बेतिया





मंगलवार को महोदीपुर पंचायत के बासड़ा में पूर्व सांसद डॉ.मदन प्रसाद जायसवाल की 15 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर बासड़ा में 12 लाख 99 हजार 03 सौं रुपये की लागत से नवनिर्मित "रामघाट" नामक श्मशान घाट का उदघाटन सांसद डॉ.संजय जायसवाल ने फीता काट कर किया।समारोह के पूर्व दिवंगत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन धारण किया गया।उपस्थित जनों ने दिवंगत सांसद डॉ.मदन प्रसाद जायसवाल की तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।इस अवसर पर सांसद डॉ.संजय जायसवाल और उनके अनुज दीपक जायसवाल ने श्मशान घाट परिसर में एक फलदार आम के पौधे लगाये।जिसके रख रखाव का जिम्मा पर प्रमोद कुमार को सौंपा गया।इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी रूपेश कुमार सिंह ने किया।मौके पर महोदीपुर पंचायत के भाजपा के वरिष्ठ नेता अचल नारायण शर्मा को सांसद के आदेश पर 77 किलो लड्डुओं से तौल कर सम्मानित किया गया।पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेंद्र कुमार सर्राफ,हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.दीपक जायसवाल,रूपेश कुमार सिंह,अचल नारायण शर्मा ,सुशील जायसवाल राकेश कुशवाहा,पन्नालाल साह, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश , कमल मुखिया संजय सिंह आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।









# प्राकृतिक खेती को लेकर किसानों का प्रशिक्षण

चाणक्य भूमि। नानोसती( जापान साह)





मंगलवार को कृषि विज्ञान केन्द्र माधोपुर में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्राकृतिक खेती विषय पर किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत दीप प्रज्वलित कर केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ अभिषेक प्रताप सिंह ने किया। डॉ सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि केंद्र सरकार की तरफ से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र माधोपुर के द्वारा जागरुकता कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक किसान इस पद्धति को अपनाकर अपनी आमदनी को बढा सके। प्राकृतिक खेती से मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार होता है तथा जीवांश पदार्थ की मात्रा में वृद्धि होती है। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ धीरु कुमार तिवारी ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि जैविक खेती और प्राकृतिक खेती दोनों में अंतर है। प्राकृतिक खेती को कम लागत खेती भी कहा जाता है क्योंकि इसमें प्राकृतिक स्त्रोतों का उपयोग किया जाता है जो सरलता से किसानों को सुलभ होता है। इस प्रणाली में किसान बाजार पर निर्भर न रहते हुए सिर्फ एक देशी गाय से 30 एकड़ तक की खेती आसानी से कर सकते हैं। उन्होंने ने प्राकृतिक खेती में प्रयुक्त होने वाले घटकों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इसमें बीजामृत, जीवामृत का प्रयोग किया जाता है। साथ ही उन्होंने बीजामृत एवं जीवामृत को तैयार करने की विधि को बताया एवं करके दिखाया भी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ चेलपुरी रामुलु, डॉ रीता देवी, डॉ जगपाल , शिवम प्रताप सिंह,अमरेन्द्र सिंह, नितेश कुमार, अजय कुमार एवं अन्य कर्मचारी एवं किसान उपस्थित रहे।

## पटखौली पुलिस ने चोरी की ट्रैक्टर को किया जप्त

चाणक्य भूमि। बगहा



चीनी मिल से चोरी की गई ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर एक घर में घुस गया। जिसमें एक 60 वर्षीय वृद्ध महिला मोती देवी आंशिक रूप से जख्मी हो गई। हालांकि घर में चार अन्य बच्चे भी सोए हुए थे। लेकिन सभी बाल बाल बच गए। घटना सोमवार की देर रात करीब 3 बजे की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों की माने तो चीनी मिल से एक ट्रैक्टर की चोरी हुई थी। चोरों के द्वारा द्वारा ट्रैक्टर को ले जाया जा रहा था इसी के दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर कैलाश नगर वार्ड 4 में एक झोपड़ी में घुस गई ।जिससे झोपड़ी का छत गिर गया। इस घटना में घर में सो रही एक वृद्ध महिला जख्मी हो गई। हालांकि अंधेरे का लाभ लेकर कर चोर ट्रैक्टर को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गए। मंगलवार की सुबह इसकी सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा पटखौली ओपी पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पर पहुंचे पटखौली ओपी प्रभारी अनीश कुमार ने ट्रैक्टर को जप्त कर लिया साथ ही मामले में स्थानीय लोगों से पूछताछ की एवं महिला को इलाज के लिए शहरी पीएचसी लाया गया। पटखौली ओपी प्रभारी ने बताया कि पुलिस स्थानीय लोगों के सूचना पर ट्रैक्टर को जप्त कर ली है। साथ ही साथ इस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।












# बिना ट्रेड लाइसेंस वाले व्यापारियों पर नगर निगम करेगा कारवाई

चाणक्य भूमि। बेतिया




बेतिया नगर निगम क्षेत्र में बिना ट्रेड लाइसेंस के व्यापार करने वाले व्यवसाइयों को अब हर हाल में ट्रेड लाइसेंस लेना होगा। ऐसे व्यवसायियों को चिह्नित कर नगर निगम उन्हें नोटिस भेजने की कार्यवाई कर रहा है। अभी तक 70 व्यवसायियों को नोटिस भेजा गया है और अन्य लोगों को चिन्हित कर नोटिस भेजने की प्रक्रिया जारी है। अभी जिनको नोटिस भेजा गया है, उनमें बड़े बड़े माल, नर्सिंग होम, विवाह भवन, होटल, पैथोलाजी जांच घर, दवा दुकान, श्रृंगार सामग्री विक्रेता आदि शामिल हैं। नगर निगम के अनुसार अभी मात्र 400 के लगभग ऐसे व्यापारी है जिनके पास ट्रेड लाइसेंस है। निगम द्वारा ऐसी कारवाई से लोगों में ट्रेड लाइसेंस के लिये होड़ लगी है। नगर निगम के अनुसार नगर में दस हजार से ज्यादा व्यापारी है जिन्हें ट्रेड लाइसेंस लेना है। नगर पालिका एक्ट के तहत नगर निगम क्षेत्र में व्यवसाय करने के लिए ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है।बिना ट्रेड लाइसेंस के ही नगर निगम क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों पर निगम कारवाई करेगा।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714